
**एक नजर में**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकाला पथ संचलन, जगह-जगह हुआ स्वागत



**सरदारपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक के शताब्दी वर्ष के निमित्त बुधवार को सरदारपुर में पथ संचलन निकला। नगर के मुख्य मार्गों से निकले पथ संचलन का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। संचलन में घोष वादन के साथ बडी संख्या में पूर्ण गणवेश में शामिल स्वयंसेवको ने कदमताल किए। पथ संचलन से पहले खेल परिसर मैदान पर स्वयंसेवको का एकत्रीकरण हुआ। यहां ध्वज प्रणाम, एकलगीत, अमृत वचन व सामुहिक गीत के बाद बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य व्यक्ता के रूप में शामिल संघ के महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्य जिला सहप्रमुख मनोज प्रजापति ने स्वयंसेवको से कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक विचार से हुई लेकिन इसकी 100 वर्ष की यात्रा कई चुनौतियों से गुजरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वयं सेवक को डॉ. हेडगेवार के स्वप्न को आगे ब?ना है तथा वैभवशाली भारत का निर्माण करना हैं। मुख्यवक्ता प्रजापति ने स्वयंसेवको से संघ के पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य व स्वदेशी आधारित जीवनशैली को अपनाने का आव्हान किया। इस दौरान सरदारपुर के सेवानिवृत्त प्रबंधक कैलाश मारु व सरदारपुर नगर कार्यवाह प्रिंस यादव भी मंचासिन रहें।

## चार माह का चातुर्मास काल कार्तिक सुदी चौदस मंगलवार को संपन्न



**नागदा।** चार माह का चातुर्मास काल कार्तिक सुदी चौदस मंगलवार को सम्पन्न हुआ इन चार माह के चातुर्मास के पश्चात कार्तिक सुदी पूर्णिमा से साधू साध्वी जी भगवंत का अपने चातुर्मास स्थल से विहार प्रारंभ हो जाएगा इन चार माह में विचरण करते हुए जीवो की हिंसा न हो इसलिए गुरु भगवंत एक ही नगर में चातुर्मास कर धर्म आराधना करते हुए श्रावकों को भी आराधना करवाते हे संघ के राजेन्द्र बोकड़िया द्वारा बताया गया कि कार्तिक सुदी चौदस को जिन शासन में सबसे बड़ी तिथि मानते हे इसी के तहत आज दोनों मंदिर जी में समाज जनों द्वारा विशेष आराधना करते हुए पौषध व्रत कर देव वंदन क्रिया की महिला मंडल द्वारा तप आराधना की गई साथ ही सायंकाल को सामूहिक प्रतिक्रमण किया गया साथ ही चातुर्मास काल के चार माह में सिद्ध गिरराज शत्रुंजय तीर्थ की यात्रा बंद हो जाती हे जो पुन: कार्तिक सुदी पूर्णिमा से प्रारंभ होती हे संघ जन सिद्धाचल पट को शत्रुंजय तीर्थ मानते हुए पट के सामने भाव यात्रा कर अपनी यात्रा पूर्ण करते हे जय तलेटी से वंदन क्रिया कर यात्रा प्रारंभ होती हैं जो सभी टुको पर चैत्य वंदन कर दादा आदिनाथ के दरबार तक पहुंचती हे जहां भक्ति सहित चैत्य वंदन किया जाता हे ज्ञात रहे सिद्ध गिरराज शत्रुंजय तीर्थ शाश्वत तीर्थ माना जाता हैं जो कि समाज जनों की गहरी आस्था का केंद्र हे इस तीर्थ की यात्रा चार माह के पश्चात् आज ही के दिन पुन: प्रारंभ होती हे इसलिए इस दिन का विशेष महत्व मान कर समाज जन आस्था के साथ भाव यात्रा करते हे अंत में चैत्य वंदन विधि संघ के राजेन्द्र बोकड़िया सहित शैतान मल कांकरिया सुरेश मुथा विनय नाहर पुखराज कटारिया प्रदीप नाहर पंकज मोदी द्वारा की गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में संघ जन एवं महिला मंडल की उपस्थिति रही

## डिसेंट क्रिकेट अकादमी, राजगढ़ में भारतीय महिला टीम की विश्व कप विजय का उत्सव



**सरदारपुर।** डिसेंट क्रिकेट अकादमी, राजगढ़ में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप विजय का जश्न बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अकादमी के जिला अध्यक्ष सचिन बाफना, उपाध्यक्ष नंदन वैद्य, सचिव यूनुस शेख, सदस्य- दिलीप बागरेचा, इरशाद खान, धन्नालाल बरफा, सादिक कुरैशी, लाल सिंह झानिया, संजय चौधरी, कोच चंद्रपाल सिंह सिसोदिया, कोच राहुल खराड़ी और मेंटर चेतन ठाकुर सहित सभी खिलाड़ियों ने ग्राउंड पर एकत्र होकर जीत का जश्न मनाया। अकादमी परिसर में हुए इस कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और कोचों ने भारतीय महिला टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की। मौके पर मिठाइयाँ बांटी गईं और पटाखे फोड़कर सभी ने उत्साहपूर्वक भारतीय टीम की उपलब्धि का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सचिन बाफना ने कहा कि भारतीय महिला टीम की यह जीत पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है और इससे देशभर के युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिलेगी। कोच चंद्रपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि डिसेंट क्रिकेट अकादमी लगातार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए प्रयासरत है, .





# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा का भव्य शुभारंभ – केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर रहीं मुख्य अतिथि**



**धार,** जिला क्रिकेट एसोसिएशन धार के तत्वावधान में आज अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार) श्रीमती सावित्री ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री विजय बहादुर सिंह ठाकुर (नन्हे भैया) ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पगुच्छ स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रदीप जोशी (कीका भाई) द्वारा माननीय मंत्री महोदया का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष धीरेंद्र दिघे, श्री प्रमोद पाठक, आलोक दुबे, सचिव राजेंद्र सिंह चौहान, स्वराज तड़वाल, कपिल यादव, श्री राम सोलंकी, डॉ. मुकुट सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे तथा सभी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अपने उद्बोधन में सावित्री ठाकुर ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जीत और हार खेल का स्वाभाविक हिस्सा हैं। जब दो टीमें खेलती हैं तो एक को जीत और दूसरी को हार मिलना तय होता है, किंतु सच्ची खेल भावना यही है कि खिलाड़ी निष्ठा, अनुशासन और उत्साह के साथ मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

अतिथियों द्वारा खरगोन एवं आलीराजपुर के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्द्ध्दन किया गया।

आज खेले गए प्रारंभिक मैच में अलीराजपुर एवं खरगोन जिले के बीच में खेला गया जिसमें खरगोन जिले ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया 45 ओवर में निर्धारित खरगोन की टीम मात्र 26 वर एवं एक गेंद में 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें आनंद किराडे और प्रणय चौहान ने 20-20 रनों का योगदान दिया जबकि अतिरिक्त रनों की संख्या 45 रही वहीं अलीराजपुर की ओर से केदार विश्वास सैयाम शाह ने तीन तीन एवं अविनाश ने दो ओर अंशुमान ने एक विकेट लिए। 108 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी की आलीराजपुर की टीम लक्ष्य गोस्वामी की घातक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी और पूरे टीम मात्र 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गए लक्ष्य गोस्वामी ने मात्र 3.5 ओवर में 22 रन देकर 6 विकेट लिए उन्होंने एक ओवर में पांच विकेट लिए जो कि अपने एक रिकॉर्ड है तनिष्क और प्रणय ने दो-दो विकेट लिए अलीराजपुर की ओर से अनंत बारिया ने नाबाद 29 और रोशन ने 14 रनों का योगदान दिया लक्ष्य गोस्वामी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया मैन ऑफ द मैच प्रसिद्ध दवा व्यवसाय विनोद मित्तल ने दिया कल दिनांक 6.11.2025 को खंडवा और झाबुआ जिले के मध्य मैच खेला जाएगा



## सत्व शतरंज एकेडमी के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन

**धार.** सत्व शतरंज एकेडमी धार के 7 खिलाड़ियो ने इंदौर में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय रैपिड शतरंज स्पर्धा में भाग लेकर उम्दा प्रदर्शन किया ।

खिलाड़ियो में अथर्व दशोरा पुत्र प्रियंका सुगंधी , मुदिल जैन पुत्र मयंक जैन , महिम्न मंडलोई पुत्र पीयूष मंडलोई, रुद्राक्ष बोरगांवकर पुत्र अभिषेक बोरगांवकर, मोहनीश महाजन पुत्र मितेश महाजन, लाभांश खंडेलवाल पुत्र गोपाल मुवेल , मासूम मुवेल पुत्रि महेश मुवेल शामिल थे। इन खिलाड़ियो में लगातार जीत हासिल करते आ रहे धार की शान अथर्व दशोरा ने यहा भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किया वही दूसरे होनहार खिलाड़ी मुदिल जैन ने 4.5 अंक के साथ मेडल अर्जित करा वही प्रतियोगिता में पहली बार भागीदारी कर रहे 3 वर्षीय महिम्न मंडलोई को यंगेस्ट प्लेयर के खिताब से नवाज़ा गया।

## 15 नवम्बर तक जिले की विभिन्न संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन होगा








**धार ।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित समस्त हाईस्कूल/उमावि/छात्रावास/आश्रम /विशिष्ट संस्थाओं में पालकों/अभिभावकों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुये मनाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर संस्थाओं में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण करते हुये शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार प्रदान करते हुये विशेष सहभोज का आयोजन किया गया।

सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिले की विभिन्न संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 01 से 10 नवम्बर तक निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता, मडई एवं अन्य धार्मिक आयोजन, चित्रकला, क्विज, लोकगीत एवं लोक नृत्य का आयोजन, शिल्प कलाओं का प्रदर्शन एवं विक्रय, पाक कला का प्रदर्शन एवं स्टॉल, नाटक का मंचन, रंगोली, मेंहदी, व्यक्तिगत एवं सामुहिक खेल तथा 11 से 15 नवम्बर तक जिले में रथ यात्राएं तथा पैदल यात्राएं का आयोजन किया जाएगा।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लंगर में श्रद्धालु ने प्रसादी ली





**गंधवानी ।** गंधवानी के समीप ग्राम बारिया में गुरुद्वारा श्री दशमेश दर्शन साहब में गुरु नानक देव जी के 556 वे प्रकाश पर्व को सिख समाज के द्वारा उत्साह उल्लास से मनाया गया यहां पर 5 दिनों तक लगातार नगर कीर्तन निकाला गया वहीं 3 नवंबर से 5 नवंबर तक श्री अखंड पाठ साहिब किया गया अखंड पाठ साहिब ज्ञानी वीर सिंह के जत्थे द्वारा किया गया बुधवार को गंधवानी में नगर कीर्तन प्रमुख मार्गो से निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग शामिल थे साथ ही पंच प्यारे बने युवक भी शामिल रहे वही गुरु ग्रंथ साहिब पालकी में विराजित होकर नगर से निकले तो कई लोगों ने उनके दर्शन लाभ भी लिए साथ ही बारिया से निकलने पर ब्लॉक कॉलोनी में सिख समाज के द्वारा नाश्ता और चाय संगत को पिलाई गई वहीं बस स्टैंड पर गर्म दूध सोनू गुप्ता चिंटू शर्मा इकरार अली रोहित राठौड और अन्य समिति सदस्यों के द्वारा वितरित किया गया।गुरुद्वारे में विशेष अरदास के बाद लंगर शुरू हुआ जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसादी ग्रहण की।

नगर समेत आसपास से भी लोग गुरुद्वारे में दर्शन के लिए आए थे जिन्होंने दर्शन लाभ लिए।

1213

**एक नजर** 10 समाज जनों ने फिजूल खर्ची रोकने और दहेज मुक्त शादी का लिया संकल्प, दर्जन भर कर रहे मंथन जल्द करेंगे घोषणा

# राजपूत समाज का दीपावली मिलन रहा कारगर



**धार। राजपूत समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम कारगर होता नजर आ रहा है, समाज में शादी विवाह, टिका तेवारी, गौरनी आदि में सीमित खर्चे पर विचार विमर्श हुआ था, 10 समाज जनों ने तत्काल सीमित खर्चे और दहेज मुक्त शादी का संकल्प लिया वहीं दर्जन भर समाज जनों में इस पर विचार कर मंथन के बाद यह भी घोषणा करेगे।**

राजपूत दीपावली मिलन समारोह में 150 गांव से ज्यादा के समाज जनों की सहभागिता रही थी, समाज में बढ़ रहे अनाप-शनाप खर्च को कम करने और युवाओं की पढ़ाई बेहतर शिक्षा और रोजगार के नए क्षेत्रों पर विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर 10 परिवारों ने दहेज मुक्त शादी करने का संकल्प लिया इनमें

बने सिंह पटेल देलमी, चंदर सिंह पटेल देलमी, मेहरबान सिंह मोरगांव,जितेंद्र सिंह भीचोली,दिलीप सिंह पटेल कलसाडा,बद्री सिंह पटेल एकलदूना,इंदर सिंह सेजवानी,बनेसिंह कमदपुर,अर्जुन सिंह भीचोली, नरेंद्र सिंह लबरावदा आदि ने अपने लड़कों की दहेज मुक्त ओर सीमित खर्च शादी करने का संकल्प लिया सभी ने समाज को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में अतिथि दुले सिंह राठौर, दिलीप सिंह पवार, काशीराम जी देवड़ा, सुरेश सिंह मिंडा, मोहन सिंह कुवर्सी, माधव सिंह सगड़ी, आदि ने दहेज मुक्त शादी का संकल्प लेने वाले समाज जनों का दुपट्टा और पुष्प हार पहना कर स्वागत किया और इस अनुकरणीय पहल से समझ में नई चेतना लाने की पहल बताया। इस अवसर पर नारायण सिंह कुवर्सी, निर्भय सिंह एकलदुना, उदय सिंह पवार मेठवाड़ा, मलखान सिंह सांगवी, लाखन सिंह राणा, शिवपाल सिंह, बद्री सिंह पटेल कड़ोला आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए। इसअवसर पर सभी ने कृषि , पशुपालन और अन्य आर्थिक आय के स्त्रोत को बढ़ाने के अन्य विकल्प पर भी मंथन किया।संचालन कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने किया।

# विधायक ग्रेवाल और ब्राह्मण समाज ने कथावाचक उपाध्याय का किया सम्मान



**सरदारपुर।** बुधवार को गोपाल कालोनी गवलीपुरा बस्ती के श्रीराम मन्दिर में श्रीमद भागवत कथावाचक महेशकृष्ण उपाध्याय मथुरा का सरदारपुर क्षेत्र के विधायक प्रताप ग्रेवाल और ब्राम्हण समाजजनो द्वारा शाल श्रीफल भेटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक ग्रेवाल, ब्राम्हण समाज के तहसील अध्यक्ष रवि त्रिवेदी भोपावर, राकेश शर्मा, मोहित व्यास, आशीष त्रिवेदी, हर्ष तिवारी, राजेश दिक्षित, वैभव व्यास, विरेन्द्र त्यागी आदि को आचार्य पंडित उपाध्याय द्वारा आशिर्वाद वचन दिए गए। बाद मे विधायक ग्रेवाल और समाज अध्यक्ष त्रिवेदी द्वारा कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए और इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति विचार रखते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए। जानकारी ब्राम्हण समाज के मिडिया प्रभारी लक्ष्मण तिवारी ने दी।


**नवभारत**

**बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें- स्वदेश सिंह पंवार मो.बा. 96306-42180**